# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–17.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

- राज्य में बांग्लादेशियों और रोहिंग्यों की पहचान के लिए गठित होगा स्पेशल टास्क फोर्स, केन्द्र सरकार ने जारी किया निर्देश।
- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राज्य में तिरंगा यात्रा निकालने का सिलसिला जारी, झामुमो ने भाजपा पर सैनिकों का मनोबल तोड़ने का लगाया आरोप।
- नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता, गिरिडीह से हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा बरामद।
- राज्य के अधिकतर जिलों में आज से चार दिनों तक आंधी–बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो और औरेंज अलर्ट।
- रांची जिला सुपर डिवीजन फुटबॉल लीग आज से, प्रतियोगिता में 32 टीम लेंगी हिस्सा।

****************

केन्द्र सरकार ने देश के विभिन्न राज्यों में रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्यों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर भेजने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस सिलसिले में केन्द्रीय गृहमंत्रालय ने राज्य सरकार को निर्देश जारी किया है। केन्द्र ने कहा है कि राज्य सरकार प्रत्येक जिले में एक स्पेशल टास्क फोर्स का गठन करे, जो अवैध विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने की कार्रवाई करेगी।

****************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राज्य में तिरंगा यात्रा निकालने का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में कल राज्य के विभिन्न जिला मुख्यालयों में तिरंगा यात्रा निकालकर भारतीय सेना के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अब 19 और 20 मई को प्रखंड स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। सरायकेला –खरसांवा जिले में निकाली गयी विशाल तिरंगा यात्रा में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद, चरमपंथ और धार्मिक कट्टरता को कड़ी चेतावनी देने का काम किया है।

****************

इस बीच झामुमो ने भाजपा पर तिरंगा यात्रा के जरिये ऑपरेशन सिंदूर प्रकरण का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा कि इस बार भी पाकिस्तान के टुकड़े किये जा सकते थे लेकिन केन्द्र सरकार ने युद्ध विराम का निर्णय लेकर भारतीय सेना का मनोबल तोड़ने का काम किया है।

****************

इधर, भाजपा प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने झामुमो महासचिव के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जिसके दिल में तिरंगा के प्रति सम्मान नहीं होता, उसे ही भारत की जनता द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा नौटंकी लगती है।

****************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। गिरिडीह जिले की खुखरा थाना पुलिस ने अर्द्ध सैनिक बलों की सहायता से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किया है। एसपी डॉ विमल कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि नक्सलियों ने पानी टंकी में हथियारों को छिपाकर रखा था। एसपी ने बताया कि इस बरामदगी से नक्सलियों को भारी नुकसान हुआ है।

****************

उधर चाईबासा में शहीद हुए सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी एम प्रबो सिंह का पार्थिव शरीर आदित्यपुर 157 बटालियन मुख्यालय लाया गया, जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि नक्सल अभियान चलाने के क्रम में एम प्रबो सिंह वज्रपात की चपेट में आ गये थे और इलाज के क्रम में उन्होंने दम तोड़ दिया।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****************

खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रांची के कडरू स्थित जेएसएफसी गोदाम का औचक निरीक्षण कर गोदाम की क्षमता, सुरक्षा और भण्डारित अनाजों के बचाव और चावल की क्वॉलिटी के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि निरीक्षण के क्रम में छोटी–छोटी त्रुटियां मिली हैं और इसे दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।

****************

नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में साहिबगंज जिले को देशभर में दूसरा स्थान मिला है।

****************

इंस्पायर अवॉर्ड–मानक के अंतर्गत रांची के अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, जिला स्कूल में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सह प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ 15 बाल वैज्ञानिकों के प्रदर्श को राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया। प्रतियोगिता में कुल 139 प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

****************

मौसम विभाग ने आज से चार दिनों तक राज्य के अधिकतर जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। विभाग ने आज के लिए येलो अलर्ट जबकि कल से 20 मई तक के लिए औरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पलामू, चतरा, गढ़वा और लातेहार जिले में आंधी–पानी का असर दूसरे जिलों के मुकाबले कम रहेगा।

****************

छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन–सीएए की ओर से रांची सुपर डिविजन फुटबाल लीग आज से शुरू हो रही है। सीएए के कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि सारे मैच रांची के संत जॉन्स स्कूल और खेलगांव होटवार में होंगे। लीग में कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं। चार ग्रुप में 8–8 टीमों को रखा गया है।

****************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने बांग्लादेशियों की पहचान के लिए केन्द्र द्वारा जारी निर्देश की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है–बांग्लादेशियों की पहचान को जिलों में होल्डिंग सेंटर।

प्रभात खबर की सुर्खी है–झारखंड पुलिस में 23 हजार 645 पद खाली, बिना छुट्टी 14 घंटे ड्यूटी।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– 8 दिन गैप के बाद टी–20 लीग फिर शुरु।

दैनिक जागरण लिखता है–अब गया जी के नाम से जाना जायेगा गया शहर।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के भुज एयरबेस से पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देने की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

******समाप्त*******